दैनिक सवेरा ने पोल खोली तो स्कूल शिक्षा विभाग ने भेजे टीजीटी के 7421 पद

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने विधानसभा के गत मॉनसून सत्र में घोषणा की थी कि टीजीटी और पीजीटी पदों की भर्ती के लिए आयोग को आग्रह पत्र भेज दिया है। मगर दैनिक सवेरा ने पोल खोली कि ऐसा कोई आग्रह पत्र नहीं भेजा गया है और शिक्षा मंत्री से गलत घोषणा विभाग के अफसरों से करवा दी गई है तो स्कूल शिक्षा विभाग ने 27 अगस्त, 2022 को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को टीजीटी के 7421 पदों पर भर्ती के लिए आग्रह पत्र भेज दिया। इनमें मेवात कैडर के आर्ट्स के 260, शेष हरियाणा कैडर के 1443, शेष हरियाणा कैडर के इंग्लिश के 1751, मेवात कैडर के हिंदी के 106, शेष हरियाणा कैडर के होम साइंस के 73, मेवात कैडर के होम साइंस के 06, मेवात कैडर के गणित के 93, मेवात कैडर के म्यूजिक के 01, शेष हरियाणा कैडर के म्यूजिक के 10, मेवात कैडर के फिजिकल एजुकेशन के 246, शेष हरियाणा कैडर के फिजिकल एजुकेशन के 821, मेवात कैडर के संस्कृत के 212, शेष हरियाणा कैडर के संस्कृत के 714, मेवात कैडर के साइंस के 234, शेष हरियाणा कैडर के साइंस के 1297, मेवात कैडर के सोशल स्टडीज के 83, मेवात कैडर के उर्दू के 100 और शेष हरियाणा कैडर के उर्दू के 21 पद शामिल हैं। इस तरह कुल 7421 पद हैं, जिन पर भर्ती होनी है। हालांकि अभी एचटेट के अलावा सीटेट को भी हरियाणा सरकार ने मान्यता दे रखी है मगर दैनिक सवेरा को जानकारी मिली है कि इस पर प्रदेश सरकार पुनर्विचार कर सकती है। एचटेट पास कुछ पात्र अध्यापकों ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि पात्रता के लिए सिर्फ एचटेट को ही मान्यता दी जाए क्योंकि हरियाणा में एचटेट तब से लागू है जब देश के किसी भी राज्य में पात्रता परीक्षा लागू नहीं थी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पिछले कई सालों से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है इसलिए एचटेट पास पात्र काफी संख्या में भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। अगर सीटेट वालों की भी अनुमति दी गई तो एचटेट वालों का हक मारा जाएगा। वैसे स्कूल शिक्षा विभाग ने चयन आयोग को जो आग्रह पत्र भेजा गया है, उसमें शैक्षणिक योग्यता में इतनी ज्यादा पात्रता बना रखी है कि बाद में किसी न किसी शर्त के कारण मामला अदालत में खिंच जाता है। स्पष्ट पात्रता न होने के कारण जैसे कई अन्य पदों की भर्ती अटकी हुई है या उसमें देरी हुई है, इसी तरह शिक्षकों के मामले में संभव है। इसलिए स्कूल शिक्षा विभाग को शैक्षणिक योग्यता की पात्रता स्पष्ट करनी चाहिए। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि टीजीटी पदों पर भर्ती करने के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने में अभी समय लगेगा क्योंकि विभाग से कुछ बिंदुओं पर स्पष्टता मांगी है।